# अभ्यास कार्य

हमारा देश त्योहारों के देश के रूप में जाता है । देश के प्रत्येक हिस्से में राष्ट्रीय पर्व, खेती पर्व तथा धार्मिक पर्व मनाए जाते हैं ।इन त्योहारों में प्रमुख हैं होली ,दीपावली ,पोंगल ,वैशाखी ,ईद तथा क्रिसमस हैं । 'वैसाखी' पर्व खेती पर्व के रूप में मनाया जाता है। नई फसल घर आने पर चारों तरफ़ ख़ुशी का वातावरण होता है । इसी ख़ुशी को मिलकर प्रकट करने के लिए वैशाखी का त्योहार मनाया जाता है ।इस दिन लोग नदियों ,तालाबों व सरोवरों में स्नान करते हैं ।किसानों में बहुत उत्साह होता है । पंजाब में भांगड़ा नृत्य किया जाता है । घरों में तरह – तरह के व्यंजन बनते हैं । सभी मिलकर आपस में ख़ुशी प्रकट करते हैं । इसी दिन नया वर्ष भी शुरू होता है । नये काम की शुरुआत भी इसी दिन की जाती है। प्रत्येक त्योहार हमें आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देता है ।

(क) किसे त्योहारों का देश कहा जाता है?

i) पंजाब ii) तमिलनाडु iii) भारत

(ख) फसल की पैदावार पर मनाए जाने वाले त्योहार ------------- हैं।

i) दीपावली, वैसाखी ii) ईद,क्रिसमस iii) वैसाखी, पोंगल

(ग) पंजाब में कौन -सा नृत्य किया जाता है ?

i) घूमर ii) कथकली iii) भांगडा

(घ) नये काम की शुरुआत होती है -

i) ईद से ii) वैशाखी से iii) दीपावली से

(ङ) त्योहार हमें क्या संदेश देता है ?

i) आपस में मिलजुल कर रहने का ii ) पूजा पाठ करने का

iii ) पवित्र स्थान पर जाने का

LIVEWORKSHEETS

# अभ्यास कार्य

एक बार रमन काका ने अपने बगीचे में उचित समय पर अलग-अलग प्रकार की सब्ज़ियों के पौधे लगाए । कुछ समय बाद पौधों पर सब्ज़ियाँ दिखाई देने लगीं । कुछ सब्ज़ियाँ मिट्टी के अंदर थीं तो कुछ मिट्टी के बाहर थीं। कुछ बेलों पर थीं तो कुछ पौधों पर लगी हुई थीं । एक दिन रमन काका पेड़ की छाया में लेटे हुए थे । तभी उन्हें कुछ आवाज़ें सुनाई दीं । उन्होंने ध्यान से सुना और कहा, "अरे! ये तो सब्जियाँ आपस में बात कर रही हैं।" सभी सब्ज़ियाँ आपस में अपने-अपने फायदे बता रही थीं और कह रहीं थीं कि अगर मनुष्य हमें उचित मात्रा में खाए तो उसका स्वास्थ्य ठीक रहता है ।

**क-** रमन काका ने बगीचे में क्या लगाया था ?

i) फलों के पौधे ii) गेहूँ

iii) सब्जियों के पौधे iv) चावल

**ख-** सब्ज़ियाँ कहाँ लगी हुई थीं ?

i) मिट्टी के अंदर ii) बेलों पर

iii) मिट्टी के बाहर iv) (i) (ii) और (iii) तीनों ठीक हैं

**ग-** सब्ज़ियाँ आपस में क्या बात कर रही थीं ?

i) अपने नुकसान बता रही थीं ii) अपने फायदे बता रही थीं

iii) आपस में झगड़ा कर रही थीं iv) कोई नहीं बोल रहा था

**घ-** अपने-आप को स्वस्थ रखने के लिए क्या करना चाहिए ?
1

i) जंक फूड खाना चाहिए ii) भूख से ज्यादा खाना चाहिए

iii) सही मात्रा में सब्जियाँ खानी चाहिए iv) बिल्कुल भी नहीं खाना चाहिए

LIVEWORKSHEETS

**ङ-** "अरे! ये तो सब्जियाँ आपस में बात कर रही हैं।" वाक्य में कौन-से विराम चिह्न लगे हैं ?

i) विस्मयादिबोधक व पूर्णविराम

ii) अल्पविराम व पूर्णविराम

iii) प्रश्नवाचक चिह्न

iv) पूर्णविराम और प्रश्नवाचक

LIVEWORKSHEETS